हमारे देश के भक्ति मार्ग की आध्यात्मिक चेतना की दिशा और दशा दोनों ही बदलना चाहिये। इस दिशा व दशा को बदलने के लिये ग्रंथों के अध्ययन के माध्यम से जागरण जरूरी है। जो कि सत्-चित्-आनन्द रूप प्रभु के स्वरूप ज्ञान से ही संभव है।

यही सोच को आगे बढाते हुये गोपीनाथ ग्वालमंडल की स्थापना हुई। जिसका पावन उद्देश्य,जगतगुरु महाप्रभु श्रीवल्लभाचार्यजी के चरण छत्र में रह कर धर्म-जागरूकता और ज्ञान पूर्वक प्रभु भक्ति का मूल भाव और जीवन पर उसके प्रभाव से विश्व को प्रभु प्रेम की ताकत का दर्शन कराने का है। यही उदे्श्य के साथ ग्वालमंडल के द्वारा गतवर्ष जन्माष्टमी उत्सव के पावन माह में प्रभु की लीलाओं का आध्यात्मिक पक्ष समझाने के लिये वड़ोदरा शहर के अलग अलग स्थानों पर कीर्तन गुणगान के शिविर हुए थे। जिनमें मुख्य वक्ता पूज्य श्रीगिरिराजजी शास्त्रीजी और पूज्य श्रीवृजेशकुमारजी शास्त्रीजी रहे, साथ ही वड़ोदरा स्थित सभी वल्लभकुल महाराजश्री ने अपनी गरिमामयी उपस्थिति एवं वजनामृत के रूप में आशीर्वाद प्रदान किये।

इस प्रकार के धर्म शिविरों के नियमित आयोजन द्वारा धर्माचरण में रहैं तो कुरीति, रूढ़ी और अंधानुकरण रूपी जाले कट सकते हैं और हम सत्य स्वरूप को पहचान पाते हैं।



BOOK POST PRINTED MATTER




Printed & Published By Giriraj V. Shastri On Behalf Of Owner Shree Gopinath Adhyatmik Sansthan Trust (regd. No. E4375) And Printed At Shraddha Screen Printing, C/o Dharmit D. Parikh, 1930, Pitta Ni Pole, Opp. Govardhannathji Temple, Sarangpur Chakala, Sarangpur, Ahmedabad-380001 And Published At Giriraj V. Shastri , E/294, Rajlakshmi Society, Opp. Baroda Heart Institue,Old Padra Road, Vadodara-390027. Editor Giriraj V. Shastri

श्री गोपीनाथ आध्यात्मिक संस्थान का मुखपत्र

Regd - GUJMUL00665

# यथार्थ मार्ग



Email : info@gopinathji.org Visit us : www.gopinathji.org facebook : ShreeGopinathji What's app - 8141054545

वर्ष – प्रथम ● अंक – ७ अगस्त/सितम्बर २०१८ ● शुल्क मासिक २०/वार्षिक २००/विदेश –USA $ 35, UK £ 30 ● कुल पृष्ठ १० पृष्ठ क्रं. १

संस्थापक एवं मार्ग दर्शक – पुष्टि सिद्धान्त मर्मज्ञ पू श्री व्रजेश कुमारजी शास्त्रीजी सम्पादक – वेदान्ताचार्य पू.श्री गिरिराजजी शास्त्री

## सम्पादकीय
### श्री गिरिराजजी शास्त्री

जबसे मनुष्य धरती पर आया तभी से इस धर्म का आरम्भ है। इसीलिये इसे 'सनातन धर्म' कहा जाता है और यह प्रथम धर्म है मानव धर्म, परम्पुरुष की सेवा और समर्पण के द्वारा विस्तार पाना। यह आत्म कल्याण की राह है। इस राह पर आनन्द कहीं पहुंचने के बाद नहीं है बल्कि हर एक कदम आनन्द के साथ ही उठता है और सृष्टि के आनन्द को अनुभूत करता हुआ राही आनन्द ही प्रसारित करता है। इस राह पर परमात्मा का प्रकृति में सतत रस प्रवाहित हो रहा है और इस प्रवाह के साथ जो चलता है नाचता है उसे रासलीला का आनन्द अनुभूत करने से कोई कारण रोक नहीं सकता। लेकिन कुछ कारण हम स्वयं ही उत्पन्न कर लेते हैं और इस आनन्द से चूक जाते हैं। वह कारण हैं-पूर्ण रूपेण समर्पण का न होना, परमात्मा से भी लेन देन का व्यवसाई की तरह भाव रखना अर्थात सांसारिक वस्तुओं-सुखों की चाह में पूजा, अर्चना, सेवा, मनोरथ आदि करना एवं अपने अहंकार को परमात्मा के समक्ष भी ले कर जाना।

मजे की बात ये है कि हमारा मन उन सब प्रकार की गतिबिधियों में जिनमें हमारा अहंकार पोषित होता हो, उनके लिये तरह तरह की युक्तियां निकाल लेता है। अहंकार एक दीवार की तरह होता है जिसकी वजह से राह से भटक जाते हैं, और आनन्द तो फलित नहीं होता पर दिखावटी आनन्द की लकीर पीटते रह जाते हैं। गीताजी में भगवान स्वयं कह रहे हैं- ''मय्येव मन आधत्स्व मयि बुद्धिं निवेशय। निवसिष्यसि मय्येव ऊर्ध्वं न संशयः।।

मुझ भगवान में अपने मन-चित्त को स्थिर करो और सारी बुद्धि मुझमें लगाओ, इस प्रकार तुम निःसंदेह मुझमें सदैव वास करोगे। फिर भी हम अहंकार के वशीभूत हो कर अपना कल्याण नहीं कर पाते और भौतिक संगति, भौतिकता से प्रेम-आसक्ति द्वारा भाव दूषित होने से भगवान में प्रेम की जगह माया से प्रेम पनप जाता है। भगवान का प्रेम पाने के लिये अपने मन को पूर्णतः भगवान में एकाग्र करना ही एक मात्र साधन है।

## આચાર્ય વચનામૃત

**ની.લી.ગો.ષષ્ઠપીઠાધીશ્વર**
**૧૦૮ પૂ.પા.શ્રીવ્રજરત્નલાલજી મહારાજશ્રી**
**(સુરત)**

### પરમ પુરુષાર્થની પ્રાપ્તિ

ભગવાનને જયારે રમણેચ્છા થઈ ત્યારે બહુત્વરૂપે થવાની ઈચ્છાવાળા ભગવાને અક્ષરબ્રહ્મમાંથી અનેક જીવોનું વ્યુચ્ચરણ અગ્નિવિસ્ફુલિંગ ન્યાયે કર્યું. તે વખતે તો વિશુદ્ધસત્વ ભગવદંશભૂત જીવ પ્રકટ થયો.પછી ભગવદ ઇચ્છાથી આનંદાંશનો તિરોભાવ થાતાં અવિધાનો સંબંધ થયો.અને જીવમાંથી ઐશ્વર્યાદિ ષટ્ ધર્મોનું પણ તિરોધાન થયું .

**पराभिध्यानात्तु तिरोहितं ततो ह्यस्य बन्धविपर्ययौ ।।**



ઐશ્વર્ય-તિરોધાન થવાથી હીનત્વ , વીર્ય-તિરોધાન થાવાથી સર્વદ:ખસહનત્વ, યશ-તિરોધાન થાવાથી સર્વહીનત્વ,શ્રી-તિરોધાન થવાથી દેહાદિમાં અહંબુદ્ધિ, જેમ અપસ્માર થયો હોય તેમ વિપરીત જ્ઞાન થાય, વૈરાગ્ય-તિરોધાન થવાથી વિષયાસક્તિ થાય છે. ઐશ્વર્ય- વીર્ય- યશ-શ્રી આ ચારના તિરોભાવથી જીવને બંધ થયો અને જ્ઞાન- વૈરાગ્યના તિરોભાવથી વિપર્યય થયો છે . આવીરીતે ભગવદ્ધર્મ તિરોહિત જીવ અવિધાના બંધનમાં એટલે કે દેહાધ્યાસ,પ્રાણાધ્યાસ ,અન્ત:કરણાધ્યાસ , ઈન્દ્રિયાધ્યાસ અને આ ચાર અધ્યાસને કારણે સ્વરૂપજ્ઞાનથી જગતમાં હજારો વર્ષોથી પ્રભુનાથી જુદો પડી જન્મમરણનાં દુ:ખો અનુભવે છે . બિચારો સુખ મેળવવા અનેક કર્મ કરે તોપણ તેને દુ:ખ જ થાય છે . જે વખતે વ્યુચ્ચરણ થયું તે વખતે પ્રભુની ઉચ્ચનીચ ભાવનાથી દૈવી આસુરી એવા બે પ્રકારના જીવોનું વ્યુચ્ચરણ થયું છે. તેમાં

**दैवीसम्पद् विमोक्षाय निबन्धायासुरी मता**

એ ગીતોક્ત વાક્યથી દૈવી જીવને પ્રભુકૃપા થી સત્સંગ શ્રવણાદિ મળી જાય છે અને તેનો ઉદ્ધાર થાય છે , પરંતુ આસુરી જીવોનો જન્મ મરણ પ્રવાહ ચાલુ જ રહે છે .

**दम्भो दर्पोऽभिमानश्च क्रोधः पारुष्यमेव च । अज्ञानं चाभिजातस्य पार्थ सम्पदमासुरीम् ।।**

દૈવી જીવને પણ ભ્રમ થવાનો સમય આવ્યો છે એમ કહેવું જોઇએ કે.....

( ક્રમશઃ – - -)

વૈશ્વાનરમાં થી સાભાર

## यथार्थ
### क्या है यथार्थ ? और क्यों आवश्यक है अब ?



श्री गिरिराजजी शास्त्रीजी

ईश्वर की प्राप्ति के लिये उसे ही साधन बनाना पडेगा , अर्थात ईश्वर ही साधन और ईश्वर ही साध्य किन्तु यह समझने के लिये सर्व प्रथम आगे कहा गया वैसे सद्गुरू प्रथम साधन है उन्हें समझकर और हाथ पकडकर अपने मूल स्त्रोत तक पहुँचना होगा । तब जाकर हमारे माने हुए ज्ञान को जान पायेंगे की वह अज्ञान मात्र ही था और तब अपने अज्ञान का ज्ञान ही नूतन यात्रा और नूतन सृष्टि का निर्माण प्रारंभ होता है । पर फिर हमें उस नूतन सृष्टि मैं अपने लिये निर्मित राह पर स्वयं ही चलना होगा जिसे हम साधना कहते हैं । और जिस प्रकार चीर हरण लीला के समय गोपांगनाऐं निरावरण हुई थी उस समय प्रभु श्रीकृष्ण ने जन्म जन्म के संस्कारों और बुद्धि पर पडे आवरणों को निवृत्त किया था उसी प्रकार हमारे मन, बुद्धि, और स्वभाव पर आरोपित संस्कारों के आवरणों को हटाने पडेंगे और उसमें जो मुख्य साधन या सहायक या हमारा आधार है वह सद्गुरू ही है ।

किन्तु उन आवरणों को संस्कारों को और अनर्थ ज्ञान को हटाने की प्रक्रिया को ही आज हमें समझना है ,जिसे यथार्थ साधना अर्थात् साधना का प्रथम सोपान कहेंगे । जब तक मन-बुद्धि पर अन्य विषय अनर्थ ज्ञान और अनेक आवरण छाये हुए हैं तब तक अनंत की यात्रा, सहज साधना, एवं परमानंदा नुभूति होना नामुमकिन सा है तो चलो अब उस साधना पथ की और चलें ।।

બતાવી શકો છો ? મરવાની દવા પણ સુખ માટેજ જ્યારે જીવન ન જીવા શકાતુ હોય અને જ્યારે જીવનજ બોઝીલ બની ગયુ હોય, ત્યારે આ દવા લેવાય. મૂળ કારણ તો સુખને આવવા માટેનું પ્રયોજન આમ રહેલુ છે. તેવીજ રીતે ઉપાય જેનાથી જીવનું શ્રેય થાય તેજ ઉપાય છે. નૃણાં શ્રેયો વિધિત્સયા – જીવનમાં એવા કર્મોનું આચરણ કરવાનું કે જે કરવાથી જ્ઞાન હોય તે યોગ. કયા પ્રકારના કર્મ કરવા ? કર્મ તો આપણે કરવાનાજ છીએ. તમે કાંઈ નહિ કરો તોય કરવાના છો અને કરશો તોય કરવાના છો. કર્યા વગર તો રહી શકવાના નથી, તો તે વખતે ક્યા પ્રકારના કર્મો જીવનમાં કરવા જોઈએ કે એ કરવાથી આપણને કોઈ બંધનમા બાંધે નહિ. એક એલોપથીની દવા જેનુ રીએક્શન ક્યારેય આવતુ જ ન હોય. એલોપથીમાં એવુ સાંભળ્યું કે કોઈ દવા એવી નથી શોધાઈ કે જેનુ રીએક્શન ના આવતુ હોય.

## એકાદશ સ્કંદ સુબોધની



- પ્રવક્તા -
પૂ.પા.ગો શ્રીચન્દ્રગોપાલજી મહારાજશ્રી, વડોદરા

ચોથે નંબરે આવે છે તપ. ભાગવતજી બતાવે છે આ તપ શે નુ કરવુ ? તપો મે હૃદય સાક્ષાત તપસા બ્રહ્મ વિજીજ્ઞાસઃ વિ. અનેક શ્રુતિ વાક્યો છે. ત્યારે ભાગવતને ૩૫ તપ અપેક્ષીત છે ? અને તપ શબ્દનો બીજો પ્રકાર આપણા ધર્મ શાસ્ત્રોની અંદર ચાન્દ્રાયણાદિ વ્રત એ પણ તપમાં આવે છે. તમે બધા નિયમો લો છો તેમાં એકાદશીનુ વ્રત તે પણ તપ છે. ઘણા લોકો ચાતુર્માસમાં નિયમ લે. ધારો કે તેમને આઈસક્રીમ બહુ ભાવતો હોય તો તેની નિયમ લે કે આખો ચાતુર્માસ હું આઈસક્રીમ નહી ખાઉં, જેનાથી આપણો આત્મા શુદ્ધ થાય, જેનાથી આત્મશુદ્ધિ થાય, જેનાથી આપણો આત્મા શુકલ થતો જાય તેનું નામ તપ છે.

હવે ભાગવતજીને કયૂ તપ અપેક્ષિત છે ?

યથા યથાત્મા પરિમુજ્યતેસૈ, મમ પૂણ્યગાથા શ્રવણાલિધાને ભગવાનની કથાનું શ્રવણ એનાથી મનુષ્યને, તેના જીવને અને અંતઃકરણને શુદ્ધ કરનારૂ બીજુ કોઈ પણ તત્વ નથી એટલે ચોથા અધ્યાયની અંદર ભગવત કથાનો વિષય, સર્વદા ભગવાનની કથાનુ શ્રવણ કરવુ એવુ જણાવ્યુ. આપણે દવા લઈએ છીએ. જે લોકોને શ્વાસની બિમારી થઈ ગઈ હોય તે લોકોએ ઓક્સિજન કેટલી વાર લેવો ? ડો. ને જઈને પુછો. મારાથી શ્વાસ લેવાતો જ નથી. ડો. કહે ઓક્સીજન લો. આપણે પુછ્યુ ઓક્સીજન કેટલી વાર લેવો ? ત્યારે આ ભાગવતજી ડો. કહે છે તને એવી બીમારી થઈ છે કે ભગવાનની કથા એકાદ નહિ. એક સમય નહિ. પરંતુ સર્વદા શ્રવણ કરો. ભગવાનની કથાનુ સર્વદા શ્રવણ કરવુ એજ તમારા અંતઃકરણની શુદ્ધિનો વિષય છે.

પ્રવિષ્ઠ કર્ણરન્ધ્રેણ સ્વાનાં ભાવ સ્વરોરૂહં ધ્રુનોતિ સમલં કૃષ્ણ યથા શરદ – ભગવાનની કથા કર્ણો દ્વારા આપણા હૃદયમાં પ્રવેશીને જેરીતની શુદ્ધિ સાધે છે અને જે સધાય છે તેવી શુદ્ધિ વિશ્વમાં પ્રાયશ્ચિત્તાની ચિર્ણાની યમાની નિયમાની

આપણા ચિત્તની શુદ્ધિ આનાથીજ થાય છે. આપણે ઘરમાં પોતા મારીએ છતાંપણ ઘરમાં જીવડા આવતા હોય તો ડાહ્યા માણસો આપણને સલાહ આપી જાય તમે શેનાથી પોતુ મારો છો ? ચોખ્ખા પાણીથી, અરે એવુ ના ચાલે. અત્યારે ચોમાસુ છે જરા ફિનાઇલ નાખીને પોતું મારો બાકી જીવડા નહીં જાય. પાણી થી શૂદ્ધિ તો થાય છે પરન્તુ જેવી જોઈએ તેવી થતી નથી એટલે ? દંહીવાળુ વાસણ તેને કપડાથી લુશી નાંખ્યુ તેમાં દૂધ ગરમ થાય નહિ કેમ ? તથા ન નિષ્પુનંતિ – દૂધને ગરમ કરવા માટે કે દૂધની બાસુંદી બનાવવા માટે જે દહીના વાસણની શુદ્ધિની જરૂર છે તે કેવળ કપડાથી લુસવાથી થતું નથી તેને તો સાબુ, કે રાખાડી, કે માટી લઈ સારૂ કરી તેમાં દૂધ ભરો તો પછી સારૂ કાર્ય થાય તેવીજ રીતે ભાગવતજીને એકજ તપ માન્ય છે. તપ કયુ બતાવે છે ? સર્વદા કૃષ્ણકથા શ્રવણ જ્યારે ત્યારે, જ્યાં-ત્યાં, જે પણ પ્રકારે કૃષ્ણનીજ કથાને શ્રવણ કરો. મને લાગે છે કે ત્રણેને સાથે લઈ લો, જ્યારે કોઈ સંભળાવનાર હોય ત્યારે સાંભળવુ, પણ જ્યારેકોઈ સંભળાવનાર ના હોય ત્યારે ? ભાગવતજીના એકદશસ્કંધનો ચોથો અધ્યાય શિબિરાર્થીને શીખડાવે છ કે અંહી થી એક વાગે ઉપર ગયા પછી શુ કરવાનુ ? તમારી અંતઃકરણની શુદ્ધિ માટે શું કરવાનુ ? ઉપર જઈને ઘેર ફોન કરવાનો બધુ બરોબર તો છે ને ? સદા કૃષ્ણ કથા, અંહીથી ઉપર જાવ એટલે પરસ્પર અંહીની જ ચર્ચા કરતા જાવ અને જમવા બેસો ત્યારે પણ મનમા આનોજ વિચાર કરો. સદા કૃષ્ણ કથા સાંભળવી. પરંતુ દુનિયાની નવરી પંચાતમાં ન પડવુ. મહાપ્રભુજી પણ આજ આદેશ.

વ્યાવૃત્તોપિ હરૌ ચિત્તં માં કહી રહ્યા છે. વ્યાવૃત્તિ કરીને પણ શ્રવણાદૌ ચતેત્ સદા મહાપ્રભુજી શ્રવણને જ મુખ્યતા આપે છે. અવ્યાવૃત્તિમાં કે વ્યાવૃત્તિમાં દરેક જગ્યાએ પુષ્ટિમાર્ગની અંદર શ્રવણ બહુજ અગત્યની વસ્તુ છે વૈષ્ણવોએ પોતાની જાતને કૃષ્ણ કથાની અંદર પોતાના જીવનમાં પોતાના મનને તેમાંજ લપટાવી રાખવુ જોઈએ. ધારો કે શ્રવણના વિષયમાંથી તમે જેટલા છુટશો એટલે મારા ને તમારા દોષો દેખાવા લાગશે આજે મહારાજનો ઉપરનો વાળ બહુ ફરકી રહ્યો હતો. ઉપર જઈને તરતજ ભાઈ તમે સાંભળવાની જગ્યાએ આજ જોઈને ગયા ? હા હું સતત જોયા કરતો હતો. સતત સાંભળ્યુ કે સતત જોયુ ? આમાં તમારૂ કલ્યાણ નથી પરંતુ મહાપ્રભુજી કહે છે વ્યાવૃત્તોપિ હરૌ ચિત્તં – શ્રવણાદૌ યતેત, આ રીતે ચોથા અધ્યાયની અંદર સર્વદા કૃષ્ણને શ્રવણ કરવા, કથા શ્રવણ કરવી, એજ તપ આવુ કરવુ એ મોટુ તપ છે. તમે બધાજ કાર્યો છોડી કૃષ્ણની કથામાંજ તમે, તમારી જાતને, ને તમારા મનને વ્યસ્ત રાખો તેનાથી વધારે બીજુ તપ કયુ ? વાંદરા બીજુ ક્યુ તપ કરે ? એ સખણો બેઠો રહે. ધારો કે કોઈ વેદ કે ઉપનિષદ વાંદરા પાંસે પહોંચે – કહે અલા વાનર. તતુ વિકલ્પ તો નર છે ને ? હવે કાંઈ સૂધર સૂધરી જઉ બાપજી શુ કરૂ ? તો કહે તપ કર. મારે માટે કયુ તપ ? જમના નહાવા જાઉં, યમુના નહાવા જાઉં, જો યમુનામાં નહાવા પડે તોય ઠેકડા મારે ને હરિદ્વાર જાય તો ઠેકડા મારે. તેને માટે એકજ તપ કે શાંતિથી બેઠો રહે એકજ જગ્યાએ બેઠો રહે – એને માટે આનાથી વધારે કોઈ તપ નથી. આપણુ મન વાંદરાથી કયુ વધારે સારૂ છે ? ચંચલં મન કૃષ્ણ પ્રમાર્થ બલવત્ દઠમ

અહીયાં અંતઃકરણની વાત છે. આપણી બુદ્ધિ સતત વિચારો કર્યા કરે ,તેને રોકવામાટે એક સ્ટોપ કયો છે ? તે કૃષ્ણ કથા છે. તમે જ્યારે પ્રાણાયમ કરો છો ત્યારે નિરોધ ધાય છે પરંતુ બહુ કષ્ટથી થાય છે. પ્રાણાયામ કરવા બેસીએ એટલે સો વાત ચિત્તમાં આવે. મારે જલ્દી ત્યાં દસ મિનિટમાં પહોંચવાનુ છે. હવે યોગ શાસ્ત્ર કહે છે કે કોઈપણ વિચાર રાખી ને તમે પ્રાણાયામ કરો ત્યારે બ્રહ્માંડ માં પ્રાણ અટકી જવાની, અને ક્યારેક હાર્ટ ને ડેમેજ કરવાની પરિસ્થિતિ થઇ શકે છે. ત્યારે સૌથી મોટુ તપ છે કૃષ્ણ કથા.






## विना आरोग्यं वृथा लक्ष्मीः

जीवन में ऋतुअनुकुल परिवर्तन एवं सावधानियाँ और पथ्यात्मक युक्त आहार स्वास्थ्य की कुंजी है ।

– डा.शैलेन्द्र

हम यह देख चुके हैं कि जिस प्रकार का भोजन करते हैं शरीर का स्वास्थ्य तदनुसार ही होता है। जैसे सात्विक आहार के सेवन से सात्विकता की वृद्धि होती है। इसके अतिरिक्त स्वास्थय की रक्षा भी होती है। सात्विक प्रवृत्ति के कारण विवेक का जागरण होता है, दूसरा निरोगिता के लिये शारीरिक व्यायाम, शुद्ध जलवायु की भी आवश्यकता है। शुद्ध वायु, शुद्ध जल, शुद्ध भूमि, शुद्ध प्रकाश एवं शुद्ध अन्न यह पंचामृत कहलाते हैं। जिसके सुयोग्य सेवन से शरीर की सब धातुओं को लाभ पहुंचता है। शुद्ध सात्विक और वह भी स्वल्प आहार ही करना चाहिए। स्वल्प आहार का अर्थ है कि जितना सुगमता से पच सके। इसका एक अर्थ यह भी है कि हमारे पेट का दो भाग भोजन से एक भाग जल से भरे और एक भाग हवा के लिये खाली रहे। भोजन तभी करना चाहिए जब भूख लगे, इससे यथेष्ठ लाभ होता है, और बैठ कर शांति पूर्वक करना चाहिए। यदि अन्न को खिलाने वाला तामसी प्रवृत्तियों का मनुष्य हो तो उसका भी दूषित प्रभाव खाने वाले पर पडता है। जैसा मन में विचार उत्पन्न होता है वैसा ही वाणी द्वारा बोला जाता है। हमारे मन पर ही सब कुछ निर्भर है और यह मन आहार शुद्धि पर टिका हुआ है।

अधिक भोजन करने से स्वास्थ और दीर्घ जीवन का नाश होता है। इसलिए हमारे धर्म ग्रंथों में उपवास का भी महत्व बताया गया है। इससे आंतरिक शुद्धि होती है, मनोवृत्तियां भी निर्मल होती हैं। वास्तव में धर्म में तो सर्व प्रथम संयम पर ही विशेष बल दिया गया है। हमें चाहिये कि अशुभ पदार्थों, अभक्ष्य भोजन एवं दुष्ट विचारों से बचें चाहिये। इंद्रियों को संयम में रखें, अति से बचें, आहार विहार का मौसम के अनुकूल पालन करें और आत्म संयम द्वारा स्वास्थ एवं आरोग्य पर बढ़ते रहें।

आहार के साथ-साथ धर्म शास्त्रों में व्यायाम को भी अत्यावश्यक बताया है। टहलना सभी के लिये विशेषतः वृद्धों के लिये उपयोगी व्यायाम बताया गया है। प्रातःकालीन प्राणवायु का सेवन करना चाहिये इससे आरोग्य स्थिर रहता है।।



## खुला प्रश्न मंच

– राधिका दवे

प्र-१ पुराणों के क्रम में श्रीमद् भागवत पुराण का क्रम कौन सा है ?

उ- पुराणों के क्रम में भागवत पुराण का पाँचवा स्थान है। पर लोकप्रियता की दृष्टि से यह सबसे अधिक प्रसिद्ध है।

प्र-२ श्रीमद् भागवतजी के १२ स्कंध में कितने अध्याय और कितने श्लोक का समावेश है ?

उ- श्रीमद् भागवतजी के १२ स्कंध में ३३५ अध्याय और १८ हजार श्लोकों का समावेश है।

प्र-३ श्रीमद् भागवतजी का मूल सिद्धांत क्या है ?

उ- श्रीमद् भागवत महापुराण में मोक्ष पर्यन्त फल की कामना से रहित परम धर्म प्रेम-सेवा ही मूल सिद्धांत है।

प्र-४ श्रीमद् भागवतजी का तात्पर्य श्रोता को कब समझ आता है ?

उ- श्रद्धा और निष्ठा से बार-बार अध्ययन करने पर भगवत् कृपा से श्री भागवतजी का तात्पर्य समझ आता है।

प्र-५ श्रीमद् भागवतजी के मुख्य कितने और कौन वक्ता हैं ?

उ- श्रीमद् भागवतजी के तीन मुख्य वक्ता हैं - १) सुकदेवजी, २)नारदजी, ३) सूतजी।

प्र-६ नैमिषारण्य में किस वक्ता ने किसको कथा सुनाई थी ?

उ- नैमिषारण्य में श्री सूतजी ने ८८ हजार शौनक मुनिओ को कथा सुनाई थी।

प्र-७ सूतजी ने शौनकादि को भगवान के कितने अवतार की कथा सुनाई थी ?

उ- नैमिषारण्य में शौनकादिऋषियों की प्रार्थना पर सूत जी ने इस पुराण के माध्यम से भगवान के चौबीस अवतारों की कथा कही है।

प्र-८ श्री मद् भागवतजी के माहत्म्य का उल्लेख किस पुराण में उल्लेखित है ?

उ- श्रीमद् भागवतजी के माहत्म्य की कथा का उल्लेख मुख्यतः 'स्कन्द पुराण' और 'पद्मपुराण' में है।

प्र-९ पद्मपुराण में श्रीमद् भागवतजी का महात्म्य कितने अध्याय और कितने श्लोक में वर्णित है ?

उ- श्रीमद् भागवतजी का महात्म्य पद्मपुराण में ६ अध्याय और ५०४ श्लोक में वर्णित है।

प्र-१० श्री शुकदेवजी ने श्रीमद् भागवतजी में मंगलाचरण कब और कितने श्लोक में किया है ?

उ- श्री शुकदेवजी में भागवतजी में दूसरे स्कंध के तीसरे अध्याय के बाद मंगलाचरण १२ श्लोक में किया है।

प्र-११ जनक राजा के पास से विद्याभ्यास के बाद श्री सुकदेवजी ने गुरु दक्षिणा में क्या भेंट किया ?

उ- श्री सुकदेवजी के आग्रह पर जनक राजा ने जगत में रही सब निरुपयोगी वस्तु की दक्षिणा भेंट में चाही थी। सुकदेवजी को एक मात्र देहाभिमान ही जगत में निरुपयोगी लगा, और गुरु दक्षिणा में अपने देहाभिमान को भेंट किया है।

प्र-१२ श्रीमद् भागवतजी के १२ स्कंध को प्रभु के १२ अंग की उपमा से सम्मानित किया है, उसमें किस स्कन्द को प्रभु के हृदय की उपमा दी गयी है ?

उ- भगवान श्री कृष्ण की ललित लीलाओं का विषद विवरण प्रस्तुत करने वाले दशम स्कन्द को भगवान के हृदय की उपमा दी गयी है।

## संस्कार

श्री वृजेशकुमारजी शास्त्री



हिन्दू धर्म 'भगवान' शब्द से उनको तीन रूप में देखता बोलता है। सृष्टि के रचयिता-ब्रह्मा, पालन कर्ता-विष्णु और लय कर्ता- शिव। इस बात का ज्ञान सामान्यतः सबको होता है। परंतु लोगों को धर्मशास्त्र के अध्ययन की कमी और समय पर हमारे धर्म प्रचारकों द्वारा सही ज्ञान और मार्गदर्शन ना मिलने के कारण सब अज्ञात हैं इस ज्ञान से कि ये तीनों रूप एक ही परमात्मा के हैं। और इन तीनों रूप में सहायक जो हैं उनको देवी-देवता कहते हैं। ऐसे में कोई दूसरे धर्म का या हमारी नई पीढ़ी का कोई व्यक्ति हमें ये पूछे कि हमारे इतने सारे भगवान क्यों? तब अधिकतर लोग इस बात का जबाब नहीं दे पाते हैं।जब तक हमें हमारे पिता (भगवान) के अस्तित्व का ही पता ना हो तब तक हमारे वजूद की भी क्या कीमत? अर्थात हम हमारे अंशी को पहचान लें, कि वो कौन है? उनका स्वरूप क्या है? तो हम हमारे स्वरूप को जान पायेंगे और हमारे जीवन की कीमत भी। हमारे कई धर्म शास्त्रों में भगवान और देवी-देवताओं के स्वरूप का, उनकी क्षमता का और उनके बिराजने के स्थान का ज्ञान वर्णित है। जिसका मन अनेक देवी-देवताओं और भूत-प्रेत, डोरे-धागे में अटका हुआ है, उनकी प्रवृत्ति स्थाई करने हमारे श्रीवल्लभाचार्यजी ने भी धर्म विषय में जीव के लिये 'बालबोध' ग्रंथ में अक्षरब्रह्म और पूर्ण पुरुषोत्तम के स्वरूप के बारे में स्पष्ट समझाया है।


शास्त्र अध्ययन से भगवान और स्वस्वरूप के ज्ञान प्राप्ती के बाद जैसी जिसकी अवस्था, कक्षा और अधिकार होता है उस के अनुसार ही धर्म और भक्ति उनके जीवन में प्रवेश होती है। कोई देव तो कोई देवी की साधना करता है। जो अधिकारी जीव है वो पूर्ण पूरूषोत्तम की आराधना करता है। जो जिसको भजता है उसको वो प्राप्त करता है ऐसा गीताजी में श्रीकृष्ण ने कहा है। श्रीवल्लभ ने इस ग्रंथ में भी समझाया है कि हम जो देवी-देवता की भक्ति करेंगे वो उनके अधिकार के अनूसार आपकी भक्ति का दान दे सकते हैं और मोक्ष भी अपने लोक तक का ही प्रदान कर सकते हैं। सारे देवता सबकुछ देने के लिए सक्षम नहीं होते। अगर मोक्ष की कामना है तो विष्णु जी की भक्ति करना चाहिऐ मोक्ष देने में विष्णु और भोग देने में शिव तत्पर होते हैं। जिनको जो अधिक प्रिय है वो वस्तु देने में उन्हें अधिक कष्ट होता है अतःवह वस्तु वो प्रदान नहीं करते। हर एक देवी-देवता की उपासना पद्धति है। अलग अलग आराध्य को सरल और सीधे तरीके से पाने के लिए जो व्यवस्था स्वयं भगवान ने प्रकट की और उनसे प्रारंभ हुई है, उनको संप्रदाय कहते हैं।

हम जो अलग अलग संप्रदाय देखते हैं उसको भी शास्त्र की अन्भिज्ञता के कारण विभाजन समझते हैं। जो कि बहुत बडी गलत सोच है। जिसकी कई विद्वान और धर्म प्रचारक भी अज्ञानता और स्वार्थ के कारण समाज को सही समझ नहीं देते हैं। पर जैसे हमारे घर में हर एक काम के लिए अलग कमरे बनाऐ जाते हैं, अलग अलग उद्देश्य को ले कर, रसोई खाने के लिए, शयन कक्ष सोने के लिए आदि... पर वह सब घर का ही हिस्सा है, विभाजन नहीं है। इसे इस प्रकार भी समझ सकते हैं कि जैसे आज की मेडिव ल्ल व्यवस्था! पहले एक ही वैद्य सब इलाज करते थे, पर जैसे जैसे मेडीकल फील्ड की तरक्की हुई वैसे वैसे सब रोग के अलग विभाग हुए, जो रोग है उसके डॉक्टर के पास जाओ तो इलाज जल्दी और आसान होता है। तो जैसे यह मेडीकल फील्ड का विकास है, विभाजन नहीं। ऐसे ही अलग अलग संप्रदाय धर्म क्षेत्र का विकास है। तो हमारे धर्म, संप्रदाय, पंथ, संस्था किसे कहते हैं? जिस मार्ग पर चल रहे हैं उसके बारे में समझ होनी जरूरी है। सद्गुरु अपने ग्रंथ में आज्ञा करते हैं-जिसको उत्तमोत्तम प्रेम से भरे धर्म भक्ति की राह पर चलना है, उस जीव को फल की प्राप्ति हेतु अपने आराध्य की अनन्य भक्ति साधना करने पर ही फल प्राप्ति संभव है।।

उत्सव

## पवित्रा ग्यारस

- सुनीता शाह



अनंत काल से प्रभु से अलग हुए, दुर्भाग्य वश कलि के विष मय प्रवाह में बहते हुए, भागवत् स्वरूपात्मक फल से विमुख दैवी जीवो की दयनीय दुगर्ति को देखकर जब श्रीमहाप्रभुजी को उनके उद्धार विषयक अति चिंता हुई। तब स्व सेवार्थ, स्व सुखार्थ मात्र जिनका प्रादुर्भाव हुआ है, ऐसे दैवी जीवों को सांसारिक प्रवाह में से निकालकर पुनः स्वयं में रति कराने हेतु, परम फल रूप रसात्मक श्री कृष्ण की रसात्मक भक्ति रूप सेवा में जीवों के देह, इन्द्रिया, प्राण, अन्तः करण सहित आत्मा को प्रवृत्त करने वाले निज फल की प्राप्ति करने हेतु, जिन के स्वरूप का निरूपण ठरासो वै सः( जिनके हाथ, पग, मुख, उदर इत्यादि मात्र आनद रूप हैं ऐसे) प्रकार से शास्त्र में किया गया हो, जो दशविधि लीला ( सर्ग , विसर्ग ,स्थान ,पोषण, उति, मन्वंतर, ईशानूकथा,निरोध, मुक्ति, आश्रय) के कर्ता हैं, जो वेद, गीता, व्याससूत्र और श्रीमद् भागवत के सार रूप पूर्ण पुरुषोत्तम भगवान श्री कृष्ण, श्रावण मास की शुक्ल एकादशी की मध्य रात्रि को श्रीमहाप्रभुजी के सन्मुख हुऐ और स्वयं के मुख पद्म से गद्य मंत्र श्री आचार्य चरण को प्रदान किया। जिससे श्री महाप्रभुजी चिंता मुक्त हुए और श्री प्रभु को सब जीव की और से सूत का पवित्रा और मिश्री भोग धरा।

इस मंत्र के अंतर्गत हुई प्रभु की दो आज्ञा १) आसुर वेश वाले पुष्टि जीव को स्वयं(प्रभु) के स्वरूप का ज्ञान हो, ऐसा गद्य मंत्र। और २) इस एक अक्षर मंत्र की प्राप्ति पर्यंत भक्त को कैसे जीवन जीना है। इस गूढ भाव का निरूपण श्री महाप्रभुजी ने श्री दामोदर दास को निमित्त बनाकर सिद्धांत रहस्य नामक ग्रंथ द्वारा कर के पुष्टि जीव पर कृपा करी।




## श्रीवल्लभनंदन ગોપીનાથ

यदनुग्रहतोजन्तुः सर्वदुःखातिगोभवेत् ।
तमऽहंसर्वदा वन्दे श्रीमद्वल्लभनन्दनम् ।।

જગદ્ગુરૂ શ્રીવિટ્ઠલનાથજી વિરચિત ભ્રાત વંદના

- શ્રીમતી જાગૃતી ગોહીલ



જગદ્ગુરૂ શ્રગોપીનાથજી પ્રભુચરણ

શ્રી ગોપીનાથજી પ્રભુ સાધન દીપિકા માં આગળ ભકિત માર્ગીય મોક્ષ માટે આરાધના કેમ,ક્યાં અને કેવા પ્રકારે કરવી એનું વર્ણન કરતા આજ્ઞા કરે છે કે સર્વથી અધિક સ્નેહ અને પૂર્ણ સ્નેહની ભકિત-સેવા જ આરાધન છે. વાંચવા માં તો આ વાત અત્યંત સરળ લાગે તેવી છે, પરંતુ બહુજ ગુઢ વાત છે. પુષ્ટિ ભકિત માર્ગ માં પ્રેમ-સેવા છે, માટે ક્રિયા કે પ્રક્રિયા કરતા પ્રેમ અધિક મહત્વ ના છે. પ્રેમ સિવાય કરેલી સેવા ને સેવા ના ગણાતા તે ફકત ક્રિયાઓ જ છે. ક્રિયાઓ આરાધન, ભકિત કે મુકિત સાધન ક્યારેય ના બની શકે. આ વાત નો ઉલ્લેખ ભકિતસુત્ર માં (सात्वस्मिन् परम प्रेमरुपा) અને (सापरानुरत्क्रिर्रीश्र्वरे) શબ્દોથી નારદજી પણ જણાવે છે. અને આ જ સાધન ભકિતસૂત્ર માં તેમજ શ્રી વલ્લભાચાર્ય પ્રભુ ને માન્ય છે.

આ આરાધના માટે સર્વ પ્રથમ શ્રી ગોપીનાથજી દેહ અને સ્વઆશ્રય ના આચાર માટે સંસ્કાર શુદ્ધિ ની અવ્શ્ક્યતા જણાવે છે. કારણકે આચાર વિહીનતા માં આસુર વેશ ની સંભવતા રહે છે. અને જીવ માં રહેલો આસુરીભાવ દૈવી ભાવ માટે બાધક તત્વ છે, જેના કારણે સેવા માં સ્વધર્માચરણ બાધિત થાય છે. સેવા ની સાથે વૈષ્ણવે સ્વ વર્ણ અને સ્વ આશ્રય નું સમજ પૂર્વક પાલન કરવું અત્યંત આવશ્યક છે.

શ્રી ગોપીનાથજી વૈષ્ણવી સદાચાર પર ભાર મુકતા અજ્ઞા કરે છે કે પ્રત્યેક વર્ણ ના ( બ્રાહ્મણ,વૈશ્ય અને ક્ષત્રીય) જીવે સોળે દેહ સંસ્કાર અને વર્ણાશ્રમ ને લગતા દૈહિક નિયમો શ્રીમદ ભાગવદ નું પઠન, જપ, સંધ્યા વંદન..ઈર્ત્યાદી નું નિયમિત પાલન કરી દેહનું શુદ્ધિકરણ કરવું આવશ્યક છે. તેનાથી જ આ વિશુદ્ધ દેહ માં ભગવદ ભાવ ની યોગ્યતા સંભવ બને છે,

આજ ના આ વ્યસ્ત યુગ માં જીવ કેવળ સંસારિક અને સામાજિક જવાબદારી નિભાવતા આં પ્રભુ પ્રેમ અને ભકિત ભાવ થી વંચિત ના રહી જાય અને આત્મકલ્યાણ ના ઉદ્દેશ ભૂલી કેવળ દેહ કલ્યાણ પાછળ જીવન વ્યર્થ ના વિતાવીદે તેના માટે શ્રી ગોપીનાથજી એ આ ગ્રંથ માં વૈષ્ણવ જીવ માટે ખાસ સ્વધર્મ એવા સ્નાન-સંધ્યા-સ્વાધ્યાય-જપ-તર્પણ-શ્રાધ-હોમ આદિ વર્ણાશ્રમ ના વિષયોનું નિરૂપણ કરી સમજવ્યું છે.

જેમ કે સુબોધિનીજી માં શ્રી મહાપ્રભુજી જણાવે છે કે જ્યાં સુધી તમે દેહનુંસંધાન રાખી દેહાભિમાન માં એના વિષયો ને મનમાં રાખી ને જીવો છો ત્યાં સુધી વર્ણાશ્રમ ધર્મ જ સ્વધર્મ છે, અને જયારે દેહનુસંધાન થી ઉપર આત્માનુસંધાન અને આત્મ ધર્મ મનમાં સ્થિર થાય, અંશાશી અને દાસત્વ ભાવ પ્રકટે છે ત્યારે ભગવદ્ધર્મ જ સ્વધર્મ છે.

જો હજી જીવ નું દેહનુસંધાન કે દેહ નું અભિમાન ગયું નથી અને સદાચાર વિના નું સ્વછંદ રીતે સેવા ધર્મ કરી ને વૈષ્ણવી જીવન વીતાવીશું તો જીવન ની સાફલ્યતા સંભવ નહિ બને.

## "श्री कृष्ण का स्वरूप ज्ञान"

जिस जीव को प्रभु मुक्ति अथवा भक्ति प्रदान नहीं करना चाहते ऐसे जीव को आसुरी अथवा प्रवाही जीव कहते हैं। और जिसे भक्ति देना चाहते हैं उस जीव को दैवीय जीव कहा जाता है। आसुरी सृष्टि के जीव देहधारी श्रीकृष्ण को केवल एक महान पुरुष समझते हैं। भगवान श्रीकृष्ण का स्वरूप और चरित्र का ज्ञान समझना न केवल आसुरी जीव, अपितु इन्द्र जैसे देवता और बड़े बड़े संतो के लिये भी सरल नहीं रहा है।

क्यों नहीं समझ में आता प्रभु का स्वरूप? स्वयं प्रभु इस प्रश्न का उत्तर गीताजी में बता रहे हैं, 'मैं जिस जीव को मेरे स्वरूप का ज्ञान कराना नहीं चाहता, उनकी बुद्धि को मेरी अविद्या शक्ति में ढ़क देता हूं' ऐसे जीव प्रभु का आश्रय कर नहीं पाते हैं।

उतना स्वरूप समझ में आता है। श्रीकृष्ण के स्वयं बृज में विराजमान होते हुए भी श्री नंदरायजी सहित सारे बृजवासी हर वर्ष इंद्र का पूजन करते थे। जिसके कारणवश इंद्र को भी अभिमान आया था, इंद्र का अभिमान तोड़ने और बृजवासियों के इस अन्याश्रय को छुड़ाने हेतु प्रभु ने बृज में गोबर्धन लीला करी और बृजजन का प्रभु चरणों में आश्रय सिद्ध कराया।

जब लोभ, मोह, ईर्ष्या अभिमान जैसे आसुरी भाव का आवेश होता है, तब देवों को भी प्रभु का स्वरूप और लीला का ज्ञान नहीं प्राप्त होता। इस लिये ही भगवान गीताजी में आज्ञा करते हैं कि हजारों जीवों में से बहुत कम जीव होते हैं जो प्रभु प्राप्ति के लिवे प्रयत्नशील होते हैं और उसमें से भी कोई ही मेरे सच्चे स्वरूप को जान पाता है।....

क्रमशः

**Payment method**

चेक / ड्राफ्ट श्री गोपीनाथ आध्यात्मिक संस्थान के नाम पर बनाए और आपको दिये गये फॉर्म पे जो पता लिखा है उसपे भेजें । या I.D.B.I. बैंक की किसी भी शाखा में श्री गोपीनाथ आध्यात्मिक संस्थान के **I.D.B.I. Bank's Saving A/c No. 289104000033974** में जमा करवा सकते हें.
नकद भुगतान के लिए कृपया अपने स्थानीव संपर्क व्यक्ति को फोन करें जीनके नंबर नीचे दिये गये हें ।

Vadodara - Gunjan Shastri-9374065710
Sampadak-Satna - Kalpana Katare- 6261084284
Burhanpur - Nitinbhai Patil-8989520502
Junaghad - Bhaveshbhai - 7984025185
Bombay- Apurva Kadakia -80970 47471

## Devine Thoughts

# PUSHTI SEVA

***Pushtiseva is most effective, scientific and very highly beneficial for a jivatman. Surrender, dedication and devotional love dispel anger, greed and passion.***

Dear friends,

The discussion regarding the remaining two questions is now taken up here in this issue. The third question is – How to perform the *Seva*? As we have already understood previously Seva means serving *Bhagavan*, devoting the whole of our bodies and sense – organs along with the mind. It is a matter of common parlance that when different spices are mixed with pulses and vegetables their taste becomes far more relishing. Similarly there are certain linking emotions between the parts (*amshas*) of *Bhagavan* embodied in the *jiva*-hood i.e. the *jivatman's* and *bhagavan* Who is Supernatural, transcendental and in the form of complete rasa (bliss) alone. The linking emotions between *Bhagavan* and ourselves are :- (i) feeling, "I am the *dasa* (surrendered ardent servant) of *Bhagavan*." – being devoted to such spirit of servitude constitutes the *Dasabhava* (ii) repulsion of the natural inclination of the sense –organs from their *favourite* objects and thereafter the rise of the emotion of surrender to *Bhagavan*, (iii) the extremely ardent emotion of love towards *Bhagavan* as opposed to the lustful desire for the passionate enjoyment.



Pujya Shri Brijlata Bahuji

By the performance of *Seva* with all these emotions the *Seva* becomes absolutely true to its connotation.

A *jivatman* cannot have the access to the principal- *Seva* (*Pushtiseva*) of *Bhagavan* who is the highest bliss par-excellence, the embodiment of the most highly exalted Rasa when any one of all the three auxiliary sentiments needed for the *Seva*, is absent. The factor responsible for this is what Shree *Vallabhacharyaji* himself has said, "Na *laukikah Prabhuh Krishnah manute naiva laukikam*". (*Bhagavan* Shree Krishna is not temporal and He never accepts any*thing* offered with any *wordly* attachment). *Bhagavan Shree* Krishna who is the object of our worship is absolutely transcendental : has not even an iota of worldliness. Therefore serving such *Bhagavan* Shree Krishna along with the *wordly* attachment on the part of the worshipper is not possible. (*Prakrutabhava* – the understanding that I am the body, I am the sense – organ etc. or serving with the sense that I am a *jivatman* bound by *avidya*. *Aprakruta, alaukika bhava* = serving *Bhagavan* with the emotion that I am the *Amsha* of the most highly exalted, blissful *Bhagavan* in the form of Sat- chit and *ananda* and not the body, *senseorgan*, mind or a *jivatman*). For this it is necessary that the dawning of the knowledge of one's being an *amsha* of *Paramatman*, is required it would be possible only when the inclination of mind, intellect, consciousness and the sense – organ might not drag up towards the objects of passionate enjoyment, influencing us who are in fact the *amshas* of *Bhagavan*. Our mind has control over our sense organs. This mind is naturally fickle, so it drags the sense towards the objects of sensual enjoyment. The mind connected with the sense organs of hearing drags up towards the conversations related with the common parlance. Similarly it makes us look to the charming things of the world. In the same way it makes us experience favorable and unfavorable happenings in our worldly existence. The mind impels our tongue to enjoy the variety of tastes. Being connected with the sense organ of speech it propels us to speak out many truths as well as lies. Thus the different inclinations pertaining to the body drown us in the ocean of the worldly existence everyone and then. Under these circumstances just as a person who has a heavy stone tied round the body, has no alternative other than going deeper and deeper in to the water, in the same way for us who are getting ourselves drowned in the ocean of the worldly existence due to the pressure of lustful, passionate enjoyments have no possibility to move towards *Bhagavan* or our emancipation except getting ourselves doomed.

*Continue...*


## श्री गोपीनाथ आध्यात्मिक संस्थान

Visit us at www.gopinathji.org

**यथार्थ संपादक मंडल**

श्रीमती प्रभाबेन शास्त्री

श्रीमती कल्पना कटारे

कु. निमिषा बेन पारेख

**यथार्थ व्यवस्थापक मंडल**

श्रीमती गुंजनबेन शास्त्री

श्री उमेश भाई वैष्णव

**संस्थान के कार्यकलाप**

- यथार्थ मार्ग (मासिक पत्रिका)
- ओडियो प्रवचन केसेट, पुस्तक प्रकाशन, और वितरण
- गौसेवा
- अशक्त आर्थिक तकलीफ वाले व्यक्तियों की सहायता
- सामान्य स्थिति वाले छात्रों को मदद्
- सत्संग सत्रो का आयोजन

**अशक्त, आर्थिक तकलीफ वाले, अनाथ एवं ब्राह्मण हेतु**

- भोजन सेवा ● वस्त्र सेवा ● विद्या दान
- औषधि सेवा ● अन्न दान ● अनन्त योजना

**वड़ोदरा कार्यालय का समय** (सुबह ११ से शाम ५)

**सम्पर्क – मोबाईल** 98255 13317, 9998107541

ट्रस्ट र.नं. (ई–४३७५(मेहसाणा) ता. १६ मार्च २००५)

इन्कमटेक्स करमुक्ति का लाभ भी उपलब्ध है

CIT/GNR/80G(5)/PTN-37/07-08/3233/12-13


## व्रतोत्सव टीप्पणी माह अगस्त

| તા. | વાર | તિથિ | વિગત |
|---|---|---|---|
| **અષાઢ વદ** | | | |
| ૧ | બુધ | ૪ | શ્રી ગોકુલનાથપ્રભુ (ગોકુલ) તથા શ્રી ગોકુલચન્દ્રમાજી પ્રભુ (કામવન) નો પાટોત્સવ તથા ત્યાં આજથક્ષ હિન્દોલા પ્રારંભ. |
| ૪ | શની | ૭ | શ્રી જન્માષ્ટમીની બધાઇ પ્રારંભ, (અષ્ટમીએ રવિવાર હોવાથી આજે અથવા નવમીને સોમવારે બધાઇ પ્રારંભ કરવી). |
| ૮ | બુધ | ૧૨ | કામિકા એકાદશી વ્રત. |
| ૧૧ | શનિ | ૩૦ | દર્શ-હરિયાલી અમાવાસ્યા, અન્વાધાન, ખંડગ્રાસ સૂર્યગ્રહણ (ભારતમાં નહી દેખાય તેથી પાળવાનું નથી) |
| **શ્રાવણ સુદ** | | | |
| ૧૨ | રવિ | ૧ | ઇષ્ટિ, ગુજરાતી શ્રાવણમાસ આરંભ. |
| ૧૩ | સોમ | ૨ | મધુશ્રવી તૃતીયા, ઠકુરાની ત્રીજ. |
| ૧૫ | બુધ | ૫ | નાગપંચમી, ઋક્-હિરણ્યકેશી શુકલ યજુઃ તૈત્તિરીય શ્રાવણી, શ્રીજીની ઊર્ધ્વભુજાના દર્શન, ભારત સ્વાતંત્ર્યાદિન. |
| ૧૭ | શુક્ર | ૭ | સૂર્ય સિંહમાં તેમજ મઘામાં ક. ૦૬-૫૨ થી. |
| ૧૯ | રવિ | ૯ | નિ.લી. તિલકાયત શ્રી ગોવિન્દલાલજી મહારાજ કૃત સપ્તસ્વરૂપોત્સવ. |
| ૨૦ | સોમ | ૧૦ | શ્રી કલ્યાણરાય પ્રભુ (વડોદરા) નો પાટોત્સવ. |
| ૨૨ | બુધ | ૧૧ | પવિત્રા-પુત્રદા એકાદશી વ્રત, (ભદ્રા નિવૃત્તિપ્રાતઃ ક. ૦૭-૪૨ છે તેથી આજે શ્રૃંગાર-ગ્વાલમાં અથવા રાજભોગમાં શ્રી પ્રભુને પવિત્રા ધરાવવા. |
| ૨૩ | ગુરૂ | ૧૨ | પવિત્રા દ્વાદશી-પવિત્રા બારસ, શ્રીગુરુને આજે પવિત્રા ધરાવવા. |
| ૨૫ | શનિ | ૧૪ | ઋક્ શ્રાવણી. |
| ૨૬ | રવિ | ૧૫ | અન્વાધાન, શુકલ યજુઃ તૈત્તિરીય શ્રાવણી, રક્ષાબંધન, (પૂર્ણિમા તિથિ આજે સૂર્યોદયથી સાયં ૧૬-૪૮ પર્યન્ત છે અને આજે ભદ્રા આખા દિવસમાં નથી. તેથી શ્રીપ્રભુને આજે રક્ષાબંધન પ્રાતઃ શ્રૃંગાર-ગ્વાલમાં -રાજભોગમાં અથવા સાયં ભોગ-સંધ્યામાં ક. ૧૬-૪૮ પૂર્વ કરવું) |
| **શ્રાવણ વદ** | | | |
| ૨૭ | સોમ | ૧ | ઇષ્ટિ. |
| ૨૮ | મંગળ | ૨ | હિન્ડોલા વિજય |

साभार-वल्लभ विट्ठल ग्रंथ प्रकाशन मंडल ट्रस्ट





It happened at Kalinga. Ashoka the son of Bindusara and grandson of Chandragupta had been nominated king by his father.

Ashoka in his younger days is said to have had a massive temper and was also very wicked and cruel. He once put his ministers through a loyalty test in which he killed 500 of them. He was also nicknamed Chand Ashoka which means 'Ashoka the Fierce' for having built a horrific torture chamber.

On ascending the throne, Ashoka ruled the Indian subcontinent from 269 BC to 232 BC. His kingdom stretched from Pakistan and Afghanistan in the west to Bangladesh and Assam in the east, and as far as Kerala and Andhra Pradesh in the East. He expanded his empire in over the next eight years.




He inherited a vast empire. Only Kalinga dared to withstand him. Kalinga was a rich and fertile land situated between the Godavari and Mahanadi rivers. Asoka marched on Kalinga with a huge army. More than a hundred thousand men fought on either side. There was a terrible conflict. Asoka won the war. He lost his pride and blood-thirsty nature.

At night he inspected the battlefield. All around him were dead warriors. Their widows wept and cursed Asoka. Asoka went down on bended knee. He added his cry to those around him. "What have I done?" If this is a victory, what's a defeat then? Is this a victory or a defeat? Is this justice or injustice? Is it valor to kill innocent children and women? Do I do it to widen the empire and for prosperity or to destroy the other's kingdom and splendor? One has lost her husband, someone else a father, someone a child, someone an unborn infant...


The king rode back a changed man. He gave up war and adopted Buddhism soon after and embraced the message of love, peace, and kindness that Buddha taught. He made Buddhism his state religion. Ashoka also promoted the concept of vegetarianism. Ashoka defined dharma as nonviolence, tolerance of all sects and opinions, obedience to parents, respect for the Brahmans and other religious teachers and priests, liberality towards friends, humane treatment of servants, and generosity towards all.

After 40 years of rule, at the age of 72, in 232 BC, Ashoka breathed his last. He left behind a legacy as an able ruler, lawmaker, hero, monk and noble preacher of dharma.

The careless, cruel young man became Asoka the Great. Devanamapriya or Beloved of The Gods was one of his many names. The Asoka Chakra which he had designed adorns the center of the Indian national flag. The pillar with four lions which he built in Sarnath is the national emblem. Asoka became the model of a powerful, yet benevolent king.

# DHARM PUZZLE

\- Trupti Abrol



Find the words from the list in the below box :

AGHASUR VADH
BAKASUR
CHAK LILA
DHENUJKASUR
GAU CHARAN
GOP GWAL
GOPIJAN
GOVARDHAN
KALIYA NAG
KANS VADH
KRISHNA LILA
MAKHAN CHORI
PUTANA VADH
RAAS LILA
YAMUNA TAT

उत्सव

# जन्माष्टमी

–कल्पना कटारे



गुरुपूर्णिमा के दिन गुरु आज्ञा और मार्गदर्शन से प्रभु की सेवा पूर्ण समर्पण और एकनिष्ठ हो कर जब की जाती है तो कुछ ही दिनों में मन हृदय विकार मुक्त हो जाता है। तब हमारे हृदय में परमप्रिय प्रभु का प्राकट्य होता है और यह श्रीकृष्ण का प्राकट्य रूप महोत्सव हम आनन्द से भर कर मनाते है।

भादों मास में कृष्णपक्ष की अष्टमी को मध्यरात्रि का शुभ गुणों से युक्त अति सुहावना समय आया, रोहिणी नक्षत्र था, आकाश के सभी ग्रह, नक्षत्र, तारे शांत हो रहे थे, दिशायें स्वच्छ और नदियां निर्मल थी। उसी समय सबके मन में बिराजमान भगवान श्रीकृष्ण का मथुरा में अवतरण रोहिणी नक्षत्र में हुआ। भगवान तो अजन्मा हैं, उनका जन्म नहीं होता अपितु वे प्रकट होते हैं अपने भक्तों के लिये। भगवान श्रीकृष्ण का प्राकट्य दो रूपों में हुआ। एक मथुरा के कारागार में देवकीजी के गर्भ से और दूसरा बृज में श्रीनन्दरायजी के यहां, ना केवल नन्द-यशोदा के हृदय में अपितु सभी बृजवासियों के हृदय में अनंद का प्राकट्य हुआ और महोत्सव मनाया गया। जो केवल एक दो दिन नहीं, पूरे छः माह तक मनाया गया। श्रीकृष्ण समस्त ब्रहमाण्ड के एक मात्र स्वामी हैं। उनके ऐश्वर्य, वात्सल्य, माधुर्य सभी अनंत हैं। इस महोत्सव में सभी गोप-गोपांगनाओं ने दूध दही माखन और अपनी सब कीमती वस्तुओं को उछाल उछाल कर न्योछावर किया।

अतः भादों मास में कृष्ण पक्ष की अष्टमी को श्रीकृष्ण जन्माष्टमी के रूप में मनाते हैं। यह उत्सव प्रभु श्रीकृष्ण के जन्मोत्सव से एक माह पूर्व ही उत्सव की बधाई से आरंभ हो जाता है। जन्माष्टमी-नंदमहोत्सव के एक माह पूर्व से इस बधाई के अलग अलग भाव मानते हैं। कहीं यशोदाजी एवं रोहिणीजी के वात्सल्य भाव से १५-१५ दिन बधाई के होते हैं तो कहीं श्रीस्वामिनीजी और चंद्रावलीजी के भाव से १५-१५ दिन और कहीं पर चार यूथपतियों के भाव से चार बधाई बैठती है जो श्रीयमुनाजी, श्रीचंद्रावलीजी, श्रीस्वामिनीजी और कुमारिकाओं के माधुर्य भाव से होती है। इसप्रकार बधाई के मंगल गीत गाये जाते हैं।

वैष्णव के लिये जन्माष्टमी सभी उत्सवों से बढ़कर है। यह हजार एकादशी के व्रत करने के समान होता है। अतः ज्यादा संयम भी जन्माष्टमी को होना चाहिये। इस दिन किया हुआ जप अनंत गुना प्रभावी होता है। रात्रि जागरण करके जप ध्यान करने का विशेष महत्व है। भविष्य पुराण में भी जन्माष्टमी का व्रत नियम पूर्वक करने का उल्लेख मिलता है। प्रभु के नाम-स्वरूप-गुणों का गान रूप रसपान करते हुए जन्माष्टमी का उत्सव मनाना प्रभु के सानिध्य पाने का महान अवसर हैं। अष्टसखाओं के कीर्तन और पद हमें इस अवसर का प्रत्यक्ष दर्शन उप्लब्ध हैं...

''आनंद बधावनो नंद महरजु के धाम।
बडभागिन जसुमति जायो है कमल नयन घन्श्याम।।
बजत निशान मृदंग ढोल रव मंगल गावत वाम।
देत दान कंचन मणि-भूषण धेनु बसन लै लै नाम।।
देत असीस सकल गोपीजन व्रज जनमन अभिराम।
हरिनारायण श्यामदास के प्रभु प्रकटे हैं पूरनकाम।।

## व्रतोत्सव टीप्पणी माह सितम्बर

| ता. | वार | तिथि | વિગત |
| --- | --- | --- | --- |
| શ્રાવણ વદ | | | |
| ૨ | રવિ | ૭ | શયનમાં ષષ્ઠી ઉત્સવ, શ્રીવિષ્ણુસ્વામી પ્રાકટય ઉત્સવ. |
| ૩ | સોમ | ૮ | શ્રી જન્માષ્ટમી ઉત્સવ (શ્રી જન્માષ્ટમી વ્રત), (આજે સૂર્યોદય થી સાયં ક.૧૭-૨૦ પર્યન્ત રોહિણી નક્ષત્ર રહે છે). |
| ૪ | મંગળ | ૯ | શ્રી નન્દમહોત્સવ. |
| ૬ | ગુરુ | ૧૧ | અજા એકાદશી વ્રત. |
| ૭ | શુક્ર | ૧૨ | કલિયુગાદિ (પૂર્ણિમાન્ત પક્ષથી). |
| ૯ | રવિ | ૩૦ | દર્શ અમાવાસ્યા, પિઠૌરી અમાવાસ્યા, દર્ભાહરણ, અન્વાધાન, ગુજરાતી શ્રાવણ માસ સમાપ્ત. |
| ભાદરવા સુદ | | | |
| ૧૦ | સોમ | ૧ | ઇષ્ટિ, શ્રીરાધાષ્ટમી બધાઇ. |
| ૧૧ | મંગળ | ૨ | સામવેદીની શ્રાવણી, (આજે હસ્ત નક્ષત્ર સૂર્યોદયથી રાત્રી ક.૨૬-૦૭ પર્યન્ત છે). |
| ૧૨ | બુધ | ૩ | કેવડાત્રીજ |
| ૧૩ | ગુરુ | ૪ | ગણેશ ચતુર્થી (વૈષ્ણવો માટે વ્રત વર્જ્ય). |
| ૧૪ | શુક્ર | ૫ | ઋષિ પંચમી. |
| ૧૭ | સોમ | ૮ | શ્રી રાધાષ્ટમી ઉત્સવ. સૂર્ય કન્યામાં ક.૦૬-૪૮ થી શરદ ઋતુ પ્રારંભ. |
| ૧૯ | બુધ | ૧૦ | શ્રીમદ્ ભાગવત સપ્તાહ આરંભ. |
| ૨૦ | ગુરુ | ૧૧ | પરિવર્તિની-દાન એકાદશી વ્રત, દશદિગંત વિજયી લેખવાલા ગો. શ્રી પુરુષોત્તમજી મહારાજ (વ્રજ વિ.સ. ૧૭૧૪) નો ઉત્સવ. |
| ૨૧ | શુક્ર | ૧૨ | શ્રીવામન જયન્તી વ્રત, (આજે દ્વાદશી તિથિ સૂર્યોદય થી રાત્રે ક. ૨૭-૪૨ પર્યન્ત છે અને શ્રવણ નક્ષત્ર સૂર્યોદય થી જન્મ સમયે વિધમાન છે). |
| ૨૩ | રવિ | ૧૪ | અનંત ચતુર્દશી. |
| ૨૪ | સોમ | ૧૪ | પ્રૌષ્ઠપદી પૂર્ણિમા, અન્વધાન. |
| ૨૫ | મંગળ | ૧૫ | ઇષ્ટિ, શ્રીનાથજીમાં સાઝીનો પ્રારંભ આજથી, શ્રીમદ્ ભાગવત સપ્તાહ સમાપ્તિ, સન્યાસીના ચાતુર્માસ સમાપ્ત, મહાલય શ્રાધ્ધ આરંભ, પ્રતિપદા શ્રાદ્ધ. |
| ભાદરવા વદ | | | |
| ૨૬ | બુધ | | દ્વિતીયા શ્રાદ્ધ. |
| ૨૭ | ગુરુ | | તૃતીયા શ્રાદ્ધ. |
| ૨૮ | શુક્ર | ૩ | ચતુર્થી શ્રાદ્ધ, ભરણી શ્રાદ્ધ. |
| ૨૯ | શની | ૪ | પંચમી શ્રાદ્ધ, કૃતિકા શ્રાદ્ધ. |
| ૩૦ | રવિ | ૫ | ષષ્ઠી શ્રાદ્ધ, મહાનુભાવ શ્રીહરિરાય મહાપ્રભુ (વ્રજ વિ.સં.૧૬૪૭) નો ઉત્સવ |






# तीर्थ स्थलों पर दूषित व्यवहार

लेखिका-रूपा शर्मा

हमारा भारत देश संस्कृति, आस्था, आस्तिकता और धर्म का धनी है। देश के हर भाग और प्रान्त में विभिन्न देवी-देवताओं से सम्बंधित अनेकानेक प्राचीन और धार्मिक तीर्थ हैं। यहां की परम्परा, तीर्थ स्थल, यह हमारी धरोहर और वैभव है। जिनकी यात्रा के प्रति एक आम भारतीय नागरिक धर्म और आस्था के साथ स्थल के आकर्षणों से बंधा हुआ है और इन तीर्थस्थलों की यात्रा के लिए सदैव से उत्सुक रहा है।

तीर्थस्थल जैसे गंगा की गोद -हिमालय की छाया में बसा उत्तराखण्ड जिसे देवताओं की अतुल्य भूमि की ख्याति प्राप्त है। जहां एक तरफ गंगा हिमालय के पावन चरणों को धोती है तो दूसरी तरफ अलकनंदा और भागीरथी का संगम लोगों के मन को भाता है। जहां शिव के अनेकों मंदिर हैं, जिनमें पंकजा और मधुमति नदियों के संगम पर स्थित नीलकंठ महादेव मंदिर धार्मिक आस्था का केंद्र है। उत्तर प्रदेश में व्रज (मथुरा) जो श्रीकृष्ण की लीला भूमि है। जिसका उल्लेख कृष्ण के संबंध में 'श्रीमद्भागवत' तथा 'विष्णुपुराण' आदि ग्रंथों में भी मिलता है। एसे ही रामेश्वर, जगन्नाथपुरी, द्वारिका, बद्रीनाथ जैसे अनेकों स्थल हैं जिसके आसपास कई नदियाँ जैसे गंगा, यमुना, सरस्वती, कुंभ त्रिवेणी संगमस्थल, मंदिरो और बैठकजी जैसे स्थलों का समावेश होता है।

एसे स्थलों के निर्मल पवित्र जल में स्नान करने से श्रद्धालु स्वयं को पाप मुक्त मानते हैं। देवी-देवता के प्रति लोगों की अगाध आस्था के कारण एसे तीर्थ स्थलों पर आये दिन लोगों का तांता लगा रहता है। लेकिन लोगों की यह भीड़ इन पवित्र स्थलों के लिए जैसे अब अभिशाप बनती जा रही है।

पवित्र स्थलों पर जाना बड़े पुण्य का कार्य अवश्य है। पर पुण्य पवित्रता में है, और पवित्रता स्वच्छता में होती है। परंतु हम धर्म, पूजा, साधना और संकल्प के नाम पर जाने-अंजाने इसको दूषित करते है।

मंदिरो में जलाभिषेक और दुग्धाभिषेक करने के बाद जल व दूध नाले में मिल जाता है। नाले की पर्याप्त सफाई न होने के कारण चारों तरफ दुर्गन्ध आती है और झरने और पास से बहती नदी का पानी भी दूषित हो जाता है। पवित्र भूमि को भी हम कूड़े के ढेर में तब्दील कर रहे हैं। यही नहीं अब मंदिर आस्था का केन्द्र न बनकर व्यापारिक केन्द्र में परिवर्तित होते जा रहे हैं, जहां एक तरफ खान-पान से लेकर कपड़ों आदि की दुकानों की अधिकता है, तो वहीं यात्रियों के विश्राम के लिए होटल आदि की व्यवस्था का भी प्रावधान है। जो कई मायनों में स्थानीय नागरिकों की आजीविका का अहम माध्यम बन चुका है लेकिन आजीविका की आड़ में पावन स्थल को दूषित किया जा रहा है। आलम यह है कि श्रद्धालु और स्थानीय व्यापारी कूड़ा-कचरा नदी में फेंक देते हैं। यही कारण है कि आज भारत की सबसे बडी और पवित्र कही जाने वाली गंगा दुनिया की सबसे गंदी नदियों में से एक है। उत्तर भारत की यमुना, पश्चिम की साबरमती, दक्षिण की पम्पा की भी हालत बहुत ही खराब है।

५३० साल पूर्वश्रीमहाप्रभुजी ने ''श्रीकृष्णाश्रय'' ग्रंथ द्वारा कहा है, कि धर्म में आत्मिक विकास कल्याण सम्बंधी सभी मार्ग नष्ट से हो रहे हैं। अंदर दुष्टता भरा और बाहर से रमणीय दिखने वाला खल धर्म बढ रहा है। और देश में म्लेच्छ बुद्धि वाले एवं म्लेच्छ विचार वाले और अपने को ही उत्तमोत्तम मानने वाले अहंकारी लोग बढ रहे है। पुण्य स्थली पाप की भूमि बनती जा रही है।

यह दौर सालों से निरन्तर चलता आ रहा है। फिर भी तीर्थो में हर दिन हजारों की संख्या में श्रद्धालु दर्शन करने आते हैं। इन सभी बातों को अनदेखा कर श्रद्धालु नदियों में स्नान और जल का पान भी करते हैं। किन्तु कभी आपने सोचा या देखा कि वह वहां से लोटते समय प्रेम कल्याण भगवाद् आनंद या शास्त्रों की बाते नहीं करते किन्तु गंदगी, पंडो के दुर्व्यवहार, व्यापारी करण, धर्म के नाम पर हो रहे अत्याचार और खान पान की ही चर्चा करते नजऱ आते हैं। भला बताइये कि इस प्रकार की तीर्थ-धर्म यात्रा से किसको क्या लाभ हो सकता है ? सोचिये क्या ऐसी तीर्थ यात्रा हमारे जीवन की उत्तम परिवर्तन की यात्रा बन सकती है ??

जब हम तीर्थ में पवित्रता की बात करते हैं तो सिर्फ ब़ाह्य स्वच्छता ही नहीं अपितु आंतरिक, मानसिक पवित्रता भी आवश्यक है। धर्म स्थलों पर धर्म के व्यापार को यात्री भी स्वार्थ वश बढावा देते हुए धर्म के व्यापार का हिस्सा बन जाते है। जिसका समाधान आम जनता से लेकर प्रशासन के समन्वय से किया जा सकता है।

तीर्थ स्थलों में यात्रियों द्वारा होता ऐसा दुर्व्यवहार यह दर्शाता है कि हम जहाँ भक्त बन कर यात्रा करने का दावा कर रहे हैं, जहाँ श्रद्धा के नाम पर पुण्य कमाने गये है, उन स्थलों का वास्तविक महत्व क्या है? वो जाने-समझे बिना ही हम यात्रा कर रहे हैं। सुनी सुनाई बातों के बल पर अपने किसी स्वार्थ को साधने वहाँ पहुंचते हैं। पर क्योंकि ना हमें स्थल के बारे में ज्ञान है और ना ही उससे प्राप्त होने वाले फल के बारे में ज्ञान हैं। अतः परिणाम में हमसे अनुचित व्यवहार हो जाते है और हम वहां बार बार यात्रा करने पर भी उनसे मिलने वाले फल से वंचित रह जाते हैं। इतना ही नहीं अपितु तीर्थ स्थलों पर अनुचित व्यवहार से मिलने वाले पाप भी साथ ले आते हैं, जिस पाप (दोष) का उल्लेख शास्त्रों में कहीं वर्णित नहीं है।

५००० साल पहले यमुना को दूषित करने वाले कालिया नाग के प्रभु द्वारा हुए दमन की कथा तो हम आज भी बहुत श्रद्धा से सुनते ही है। पर वो श्रद्धा कथा तक ही सीमित है, ये आज दूषित हुई यमुनाजी दर्शाती है। जिस पृथ्वी को बचाने के लिए प्रभु स्वयं वराह के रूप ले कर प्रकट हुऐ थे, आज उसी भूमि को दूषित, भ्रष्ट और उसके मूल्यों को नष्ट करने का फल पुण्य तो नहीं ही हो सकता है। तीर्थ स्थलों पर जाने से पहले उसके नियमों को शास्त्रों के अध्ययन द्वारा जानना और उसका पालन करना अति आवश्यक होता है।

श्रीमहाप्रभुजी ने भी अपने 'तत्वार्थ दीपनिबंध' ग्रंथ में इस बात का निरूपण किया है कि कालिकाल में मनुष्य विरुद्धाचार में तत्पर, स्वाध्याय आदि धर्मो से हीन, सदाचार से विमुख भ्रमित मन वाले हो गए हैं। एसे जीव द्वारा किया हुआ धर्माचार विधिहीन और फल रहित है। सबसे पहले पवित्र मानसिकता की आवश्यकता है क्योंकि स्वच्छ पवित्र मानसिकता और पवित्र मनःस्थिति ही पुण्य फल प्राप्त कराने वाली और भक्ति दिलाने वाली होती हैं।

अतः मुझे ऐसा लगता है कि सबसे पहले हमें यह जान लेने की आवश्यकता है कि हमें यात्रा ही क्यों करनी चहिये ?और यात्रा का उद्देश्य क्या हो ?यात्रा किस विधि-प्रकार से की जाऐ ?किस समय कैसे भाव, किन साधनों से की जाय? अन्यथा हमारी यात्रा ही सफल न हुई तो पैसे, समय। वाणी, मन के भाव। भक्ति और तीर्थो की पवित्रता हमारे द्वारा और हमारे कारण नष्ट हो सकती है और कुछ उत्तम हासिल नहीं होगा ..। और अगर हम यात्रा तीर्थ की कर रहे हैं तो वहां के लोगो के दुर्व्यवहार को या तो नजऱअंदाज कर के हमारे मन को शांत रखें या फिर उन्हें कैसे बदला जा सकता है उसके विचार के साथ कुछ ठोस विषय विचार कर ही यात्री तीर्थ करने जाये।